## संपादकीय

# उलझन बढ़ाती आबादी

संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक जनसंख्या वृद्धि दर पर हालिया रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। जहां वर्ष 2050 तक दुनिया की आबादी में दो अरब का इजाफा होगा, वहीं भारत की आबादी एक अरब 64 करोड़ हो जायेगी। चीन को पछाड़कर हम पहले ही दुनिया में सबसे ज्यादा ?आबादी वाला देश बन जायेंगे। ऐसे में जब हमारा भूभाग सीमित है और कृषि उत्पादन ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से गहरे दबाव में है तो हम इस बढ़ती आबादी का बोझ सहन कर पायेंगे? हर हाथ को काम और हर पेट को रोटी दे पाने में सक्षम हो पायेंगे? हमारे राजनेता जिस तरह लोकलुभावन नीतियों में उलझे हैं और बढ़ती आबादी को अपने वोट बैंक के नजरिये से देख रहे हैं, उससे तो नहीं लगता कि बढ़ती आबादी से निपटने की कोई गंभीर कोशिश देश में होती नजर आ रही है। वर्ष 2050 तक देश में बुजुर्गों की आबादी बच्चों से ज्यादा हो जायेगी, जिनका भरण-पोषण और देखभाल अपने आप में नई चुनौती होगी। जहां वर्ष 2050 तक दुनिया में बुजुर्गों की आबादी पांच साल के बच्चों के मुकाबले दोगुनी होगी, वहीं भारत में यह तीन गुनी हो जायेगी। चुनौती यह भी कि इन बुजुर्गों की देखभाल कैसे हो और उनकी ऊर्जा को रचनात्मकता कैसे मिले। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र के आंकड़े जो चित्र उकेरते हैं, वो हर भारतीय की चिंता का विषय होना चाहिए। हाल ही में कई हलकों में बढ़ती आबादी के नियंत्रण की बात कई मोर्चों पर उठी मगर सरकार की तरफ से गंभीर कोशिश होती नजर नहीं आती।

वैश्विक परिस्थितियों तथा देश की आर्थिक चुनौतियों के मध्य जनसंख्या वृद्धि का मुद्दा स्थिति की विकटता को और बढ़ा देता है। दरअसल, हमारी कृषि तमाम तरह की चुनौतियों से जूझ रही है और बड़ी संख्या में किसान खेती से अलग हो रहे हैं। खेती इतने मुनाफे का सौदा नहीं रही कि नये रोजगारों का सृजन कर सके। फलतः ग्रामीण आबादी का शहरों की तरफ पलायन आबादी के बोझ से पहले ही चरमराए शहरों की मुश्किलें और अधिक बढ़ा देगा। हाल के दिनों में बड़े महानगरों में पेयजल का जो संकट गहरा रहा है और आने वाले वर्षों में जिस तरह इन शहरों के भूगर्भीय जल के समाप्त होने की चेतावनी दी जा रही है, वह हमें आसन्न संकट का एहसास करा देता है। जाहिर है यह जटिलता आने वाले दिनों में प्रदूषण, पेयजल, खाद्यान्न और रोजगार के संकट को और बढ़ाने वाली है, जिसका मुकाबला दूरदर्शी नीतियों के क्रियान्वयन से ही संभव है। दरअसल, हमारी सामाजिक व सांस्कृतिक मान्यताओं में बदलाव व जीवनशैली में आये परिवर्तन से भी जनसंख्या दबाव गहरा हो जायेगा। अब अधिकांश भारतीय जनमानस विशुद्ध भौतिकतावादी जीवनशैली का अनुसरण करते हैं, जिसकी कीमत हमारे संसाधन व पर्यावरण चुकाते हैं। यह जटिलता जनसंख्या वृद्धि के साथ और विकट होती जायेगी। अब वह समय है जब बढ़ती जनसंख्या का दबाव देश के स्तर पर होने के साथ वैश्विक स्तर पर भी होता है।?ऐसे में गुणवत्ता के जीवन की कल्पना कठिन है। इस चुनौती से मुकाबले के लिये राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर प्रयास किये जाने होंगे।

# मोदी सरकार ने घाटे में चल रही 19 बड़ी सरकारी कंपनियों को बंद करने का दिया आदेश



**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने घाटे में चल रही 19 बड़ी सरकारी कंपनियों को बंद करने का आदेश दे दिया है. इसमें एचएमटी, हिंदुस्तान केबल्स और इंडियन ड्रग्स जैसी बड़ी कंपनियां भी शामिल हैं. मंगलवार को लोकसभा में कांग्रेस सांसद अदूर प्रकाश के सवाल के जवाब में मोदी सरकार ने यह जानकारी दी. कांग्रेस सांसद अदूर प्रकाश ने भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय सेपबलिक सेक्टर की कंपनियों का ब्यौरा मांगा. अदूर प्रकाश केंद्र सरकार से सवाल भी पूछा कि क्या सरकार घाटे में चल रहे क्क को बंद करने या उनके प्राइवेटाइजेशन पर विचार कर रही हैभारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय के मंत्री अरविंद गणपत सांवत ने अलग-अलग विभागों की घाटे में चल रही कंपनियों के बारे में जानकारी दी. इसके साथ ही उन्होंने उन 19 पीएसयू कंपनियों की सूची भी जारी की जिसे बंद करने की कवायद हो रही है.

### बंद होने वाली कंपनियों की लिस्ट

मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इन कंपनियों तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड, एचएमटी वॉचेज लिमिटेड, एचएमटी चिनार वॉचेज लिमिटेड, एचएमटी बियरिंग्स लिमिटेड, हिंदुस्तान केबल्स लिमिटेड, एचएमटी लिमिटेड की ट्रैक्टर यूनिट और इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड की कोटा यूनिट, केंद्रीय अंतर्देशीय जल परिवहन निगम लिमिटेड, इंडियन ड्रग्स और राजस्थान ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, IOCL-क्रेडा योफ्यूल्स लिमिटेड, क्रेडा HPCL बायोफ्यूल्स लिमिटेड, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह वन और वृक्षारोपण विकास निगम लिमिटेड, भारत वैगन एंड इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड, बर्न स्टैंडर्ड कंपनी लिमिटेड, सीएनए/एन2 ओ 4 प्लांट को छोड़कर हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड की रसायनी ईकाई में सभी संयंत्रों के संचालन को बंद करना, नेशनल जूट मैन्युफैक्चरर्स कॉर्पो. लिमिटेड, बर्ड्स जूट एंड एक्सपोर्ट लिमिटेड और एसटीसीएल लिमिटेड को बंद करने की मंजूरी दे दी गई है.

### 25 से ज्यादा कंपनियों में विनिवेश की मंजूरी

हालांकि सरकार की ओर से जिन कंपनियों को विनिवेश की मंजूरी दी गई है उनमें 25 से ज्यादा कंपनियां शामिल हैं. इन कंपनियों में सेल, एचपीएल और हिंदुस्तान कॉरपोरेशन लिमिटेड जैसी कंपनियां शामिल हैं.

## पाकिस्तानी रुपए की कीमत 162 रुपए प्रति डालर के ऊपर

**कराची (आरएनएस)।** घोर आर्थिक संकट से गुजर रहे पाकिस्तान की मुद्रा रुपए की हालत भी बहुत पतली है। कराची के अंतर बैंकिंग विदेशी मुद्रा बाजार में बुधवार को एक पाकिस्तानी रुपए की कीमत 162.47 रुपए प्रति डालर तक पहुंच गई। कारोबार के दौरान डालर की कीमत में 5.2 रुपए तक की बढ़ोतरी देखी गई। कारोबारियों का कहना है कि डालर के मुकाबले रुपए में गिरावट देश के अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष( आईएमएफ ) के साथ छह अरब डालर के रिण के बाद से देखी जा रही है।ऐसा माना जा रहा है कि यह रिण कड़ी शर्तों के साथ देने का समझौता हुआ है जिसमें विनिमय दर बाजार आधारित होना भी शामिल है। पाकिस्तान के स्टेट बैंक के आंकड़ों के अनुसार केंद्रीय बैंक के पास तीन मई को मात्र 8.984 अरब डालर की विदेशी मुद्रा का भंडार था जो देश के तीन महीने से कम की जरुरतों को पूरा कर सकता है।

## पेट्रोल, डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल तेज




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में लगातार दूसरे दिन बुधवार को स्थिरता बनी रही, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में डेढ़ से दो फीसदी की तेजी दर्ज की गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का दाम बढ़ने से भारत में पेट्रोल और डीजल समेत अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के दाम में इजाफा होता है क्योंकि भारत अपनी तेल की जरूरतों के लिए मुख्य रूप से आयात पर निर्भर है। अमेरिका में कच्चे तेल के भंडार में कमी आने और खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल में तेजी आई है। ब्रेंट क्रूड का भाव फिर 65 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चला गया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम पूर्ववत क्रमशः क्रमशः 70.05 रुपये, 72.31 रुपये, 75.75 रुपये और 72.77 रुपये प्रति लीटर रहे। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी पूर्ववत क्रमशः 63.90 रुपये, 65.82 रुपये, 66.99 रुपये और 67.59 रुपये प्रति लीटर रहे।

अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार आईसीई पर ब्रेंट क्रूड का सितंबर वायदा अनुबंध पिछले सत्र से 1.51 फीसदी की तेजी के साथ 65.25 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ था। वहीं, नायमैक्स पर अमेरिकी लाइट क्रूड वेस्ट डब्ल्यूटीआई का अगस्त डिलीवरी वायदा अनुबंध पिछले सत्र से 2.02 फीसदी की तेजी के साथ 59 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ था।

## सोने में छह दिन से जारी तेजी थमी, एमसीएक्स पर कारोबार नरम



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** घरेलू वायदा बाजार एमसीएक्स पर सोने में पिछले छह दिन से जारी तेजी थम गई है। विदेशी बाजार में बुधवार को सोने का भाव टूटने के कारण भारतीय बाजार पर भी उसका असर देखने को मिला। अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार में सोने का भाव छह साल के ऊंचे स्तर से फिसला है। कॉमेक्स पर पिछले चार दिनों से सोने में तेजी का रुख बना हुआ था। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का अगस्त एक्सपायरी अनुबंध बुधवार को पूर्वाह्न 10.14 बजे पिछले सत्र से 224 रुपये यानी 0.65 फीसदी की कमजोरी के साथ 34,332 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले सोने का सबसे सक्रिय वायदा अनुबंध कमजोरी के साथ 34,465 रुपये पर खुला और 34,266 रुपये तक फिसला। एमसीएक्स पर पिछले सत्र में सोने का भाव अगस्त अनुबंध में 34,893 रुपये प्रति दस ग्राम तक उछला था।

वहीं, चांदी के जुलाई अनुबंध में पिछले सत्र के मुकाबले 275 रुपये यानी 0.72 फीसदी की कमजोरी के साथ 37,727 रुपये प्रति किलो पर कारोबार चल रहा था।वहीं, अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार कॉमेक्स सोने का अगस्त वायदा अनुबंध पिछले सत्र से 7.55 डॉलर यानी 0.53 फीसदी की गिरावट के साथ 1,411.15 डॉलर प्रति औंस पर बना हुआ था, जबकि इससे पहले भाव 1,407.15 डॉलर प्रति औंस तक टूटा। सोने का भाव पिछले सत्र में कॉमेक्स पर 1,442.15 डॉलर प्रति औंस तक उछला था। वहीं, चांदी के जुलाई अनुबंध में 0.63 फीसदी की कमजोरी के साथ 15.02 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार चल रहा था।

## ड्यूकॉन ने भारत में बड़ी परियोजनाओं की बोली लगाने स्टर्लिंग एंड विल्सन के साथ किया करार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** ड्यूकॉन इंफ्राटेक्नोलॉजीज ने बुधवार को कहा कि भारत में बड़े स्तर की फ्ल्यू-गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) से जुड़ी निविदाओं पर बोली लगाने के लिए उसने शपूरजी पालोनजी समूह की कंपनी स्टर्लिंग एंड विल्सन के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। ड्यूकॉन इंफ्राटेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजारों को जानकारी दी है, संयुक्त रूप से बोली लगाने से हमारी वित्तीय क्षमता उल्लेखनीय रूप से बढ़ जाएगी इससे हमे बड़ी एफजीडी परियोजनाओं के लिए बोली प्रक्रिया को अपने हक में करने में मदद मिलेगी। ऐसी परियोजनाओं के लिए अकेले बोली जीतना पहले न उनके लिए मुमकिन था और न ही हमारे लिए। यह दोनों पक्षों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी योजना है। स्टर्लिंग एंड विल्सन इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) से जुड़ी कंपनी है जो अक्षय ऊर्जा, निर्माण, पारेषण और वितरण क्षेत्र में काम करती है।

## स्पाइसजेट ने उड़ान के तहत दुर्गापुर-मुंबई की दैनिक उड़ान शुरू की




**कोलकाता (आरएनएस)।** स्पाइसजेट ने उड़ान योजना के तहत दुर्गापुर-मुंबई मार्ग पर सीधी दैनिक उड़ान शुरू की है। उड़ान के तहत दुर्गापुर एयरलाइन का 13वां गंतव्य है। एयरलाइन ने कहा कि अब वह उड़ान के तहत 25 शहरों को जोड़ने वाली 45 उड़ानों का परिचालन कर रही है। यह मार्ग उड़ान तीन के तहत एयरलाइन को विशिष्ट रूप से मिला है। कोई अन्य विमानन कंपनी इस क्षेत्र में उड़ान का परिचालन नहीं कर सकती है। स्पाइसजेट इस मार्ग पर उड़ान के लिए बोइंग 737 विमान का इस्तेमाल कर रही है। मुंबई से यह उड़ान सुबह 7:50 बजे दुर्गापुर के लिए रवाना होगा। वहां से वापसी उड़ान सुबह 10:45 बजे रवाना होगी।

## ऐमजॉन की विशेष प्राइम डे सेल 15-16 जुलाई को




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** ई-कॉमर्स कंपनी ऐमजॉन ने मंगलवार को कहा कि वह भारत में अपने कारोबार के तीसरे वर्ष में 15-16 जुलाई को प्राइम डे का आयोजन करेगी। इस दौरान कंपनी 48 घंटों का विशेष सेल अभियान चलाएगी। कंपनी ने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इसमें ऐमजॉन प्राइम के उपयोगकर्ताओं सदस्यों को खरीदारी, बचत और मनोरंजन के लिए इस साल 1,000 से अधिक नए उत्पाद पेश किए जाएंगे।

इसमें स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स और दैनिक उपयोग की चीजें शामिल होंगी। भारत सहित 18 देशों में प्राइम के 10 करोड़ सदस्य हैं। प्राइम नाऊ पर बेंगलुरु, मुंबई, नई दिल्ली और हैदराबाद जैसे शहरों में कई तरह के सामान की दो घंटे में तीव्र उपभोक्ता डिलीवरी की सुविधा दी जाती है।

ऐमजॉन इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कंट्री प्रबंधक, अमित अग्रवाल ने कहा, प्राइम सदस्यों के लिए हमारा सबसे बड़ा त्योहार शुरू हो रहा है। हमारे सदस्य गत वर्षों की तुलना में इस वर्ष पहले से कहीं ज्यादा प्राप्त कर सकते हैं।

## आज का राशिफल

*मेषः-* मेष राशि में आज खर्च की अधिकता रह सकती है, व्यर्थ व्यय से बचें। कार्यक्षेत्र में वाद-विवाद के कारण तनाव हो सकता है, अतः-वाणी पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। परिजनों के साथ बैठकर महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे।

*वृषभः-* आज का दिन विशेष उन्नति कारक है। कोई रुका हुआ कार्य जो आपका नहीं बन पा रहा हो, आज उसे पूरा करने की कोशिश।

*मिथुनः-* कल जो आपका कार्य नहीं बना, वह आज बनने की संभावना है। कार्य की व्यस्तता बनी रहेगी, कार्यक्षेत्र में लाभ के योग है। नौकरी में पद और प्रभाव बढ़ेगा।

*कर्कः-* आज यात्रा का योग अच्छा है, शुभ संदेश मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा और उन्नति होगी। बिगड़े कार्य बनने लगेंगे और धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

*सिंहः-* अपनी प्रिय वस्तुएं और मोबाइल आदि का ध्यान रखें। लापरवाही के कारण कोई चीज गुम हो सकती है। गुप्त शत्रु आज हानि पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं।

*कन्याः-* प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होने के कारण मन प्रसन्न रहेगा। नया कार्य व रोजगार आदि शुरू करने की सोच रहे हैं तो अवश्य करें।

*तुलाः-* आज का दिन धनदायक रहेगा। शत्रु निर्बल रहेंगे और भाग्य प्रबल रहेगा। आय के नए साधन बनेंगे। संघर्ष करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।

*वृश्चिकः-* आज अपनी प्रतिभा का पूर्ण लाभ ले सकेंगे। नई योजनाओं से लाभ पाएंगे। मनोरंजन कार्य पर खर्च और प्रेम प्रसंग में सफलता मिलेगी।

*धनुः-* क्रोध पर नियंत्रण रखें और अनावश्यक वाद-विवाद से बचें। मन आज बेचैन हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो ध्यान रखें।

*मकरः-* आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और मनोबल बढ़ेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। भरोसेमंद व्यक्ति यों से संपर्क बनाए रखें, इनसे फायदा होगा।

*कुंभः-* आज कहीं से धन का आगमन होगा। धन निवेश कर सकते हैं, लाभ अवश्य होगा। शेयर आदि में भी धन का निवेश आज लाभदायक रहेगा।

*मीनः-* आज मेहनत और बुद्धि से सफलता प्राप्त कर सकेंगे। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। मनोरंजन कार्यों पर खर्च हो सकता है।

## स्वादिष्ट व आसान आलू मसाला...



### सामग्री

250 ग्राम आलू, 2 प्याज कटे हुए, दो चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट, आधा चम्मच अजवाइन, नमक स्वाद अनुसार, आधा कप बेसन, एक चम्मच धनिया, पाउडर, एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर, आधा चम्मच गरम मसाला, आधा चम्मच अमचूर पाउडर, तलने के लिए तेल, चुटकी भर हल्दी एक चम्मच हरा धनिया बारीक कटी हुई।

### विधि-

आलू को लंबाई से काट लें, बेसन में नमक अदरक, लहसुन का पेस्ट अजवाइन, एक चम्मच तेल, और पानी मिलाकर पतला घोल तैयार करें।

इसमें आलू डालकर 15 मिनट तक मेरीनेट होने के लिए छोड़ दें। एक कड़ाही में तेल गरम करें और आलू को डीप फ्राई कर लें। एक पैन में दो चम्मच तेल गरम करें इसमें प्याज डालकर सुनारा भुरा होने तक भूनें। नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, आमचूर पाउडर, और गरम मसाला, डालकर आलू डालकर, धीमी आंच पर 5 मिनट तक पकाएं,और हरा धनिया से सजाकर गरमा गरम पराठे के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 7

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 06 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## सू-दोकू- 7

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.06 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |